दिनांक 12.07.2024 समय 18.30

# आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेषिक समाचार

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा– देश में फैसले लेने की प्रक्रिया पारदर्शी और जवाबदेह है।
- राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा – विश्वविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रबंधन करना सरकार की प्राथमिकता।
- प्रदेशभर में कल राष्ट्रीय लोक अदालतो का आयोजन– राजीनामे के जरिये होगा विभिन्न मामलों का निपटारा।
- राज्य के जयपुर, भरतपुर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में आज कहीं–कहीं मध्यम से तेज बारिश।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि देश में फैसले लेने की प्रक्रिया पारदर्शी और जवाबदेह है। श्री धनखड आज मुंबई में **'सशक्त भारतः विकसित भारत 2047 बनाने में उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका** विषय पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक ने भारत को निवेश और अवसरों के लिए वैश्विक केन्द्र के रूप में सराहा है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अन्य देशों के लिए एक रोल मॉडल के रूप में भारत के डिजिटलीकरण की सराहना की है।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शांतिपूर्ण, समृद्ध, सुव्यस्थित और सुरक्षित बिम्सटेक क्षेत्र के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। श्री मोदी ने आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए एक इंजन के रूप में बिम्सटेक की भूमिका पर जोर दिया। बिम्सटेक सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने कनेक्टिविटी, ऊर्जा, व्यापार, स्वास्थ्य, कृषि, विज्ञान, सुरक्षा और लोगों के बीच आदान–प्रदान सहित क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने पर मंत्रियों के साथ सार्थक चर्चा की। प्रधानमंत्री ने सितंबर में होने वाले आगामी बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के लिए थाईलैंड को भारत के समर्थन की बात कही।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि विश्वविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रबंधन करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने प्रौद्योगिकी शिक्षा के तहत विश्वविद्यालयों द्वारा युवाओं को नवाचारों से जोड़ने का आह्वान किया। श्री मिश्र ने कहा कि तकनीकी शिक्षा का उद्देश्य छात्रों में निहित अद्वितीय क्षमताओं को पहचान कर, उन्हें भविष्य के अवसरों के लिए तैयार करना है। राज्यपाल आज जोधपुर के एम.बी.एम विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विशेष कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय समय पर दीक्षांत समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों को समय पर उपाधियां प्रदान करें। श्री मिश्र ने कहा कि नई शिक्षा नीति देश को कौशल विकास से जोड़ने के साथ ही मौलिक शोध और अनुसंधान के लिए प्रेरित करने वाली है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स) का उपयोग मानवता के कल्याण से जुड़े विषयों में होना चाहिए। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से जलवायु परिवर्तन और विभिन्न प्रकार के संकटों को सुलझाने में अपना योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने **"नेट ज़ीरो"** के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तकनीकी शिक्षा पर भी जोर दिया। श्री मिश्र ने विश्वविद्यालय में संविधान स्तम्भ का लोकार्पण किया और संविधान पार्क की महत्वत्ता बताई।

.....................

श्री मिश्र ने कहा कि जोधपुर का यह विश्वविद्यालय देश के चुनिन्दा विश्वविद्यालयों की सूची में शामिल है, जहां पेट्रोलियम में स्नातक पाठ्यक्रम प्रारम्भ हुआ है।
इससे पेट्रोलियम रिफाईनरी में भी युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय में केन्द्र सरकार की परियोजना के सामरिक दृष्टि के महत्व के तहत 5जी स्पेक्ट्रम प्रयोगशाला प्रारम्भ की गयी है। उन्होंने कहा कि 5जी से सम्बंधित नये नवाचारों और डिजिटल क्रांति में 5जी के प्रयोगों का लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा। समारोह में राज्यपाल ने 19 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए। साथ ही वर्ष 2022 और 2023 में उत्तीर्ण कुल 680 विद्यार्थियों को स्नातक में उपाधियां प्रदान की गई।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रूस में आयोजित ब्रिक्स संसदीय सम्मेलन के दौरान ताजिकिस्तान की संसद के अध्यक्ष ज़ोकिर–ज़ोदा महमद–तोहिर ज़ोहिर से मुलाकात की। इस दौरान दोनो नेताओं ने दोनों देशों की संसदों के बीच सहयोग बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की। श्री बिरला ने श्री

जोहिर से वहां पढ़ रहे भारत के विद्यार्थियों का ध्यान रखने का आग्रह किया। इस दौरान ताजिकिस्तान की संसद के अध्यक्ष ने कहा कि वहां भारतीय संगीत काफी लोकप्रिय है। उन्होंने कहा कि दोनो देशों के मध्य मजबूत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भाषाई संबंध हैं।

000

राज्य के वर्ष 2024–25 के बजट में किसानों के लिए की गई घोषणाओं के लिए भाजपा किसान मोर्चा की ओर से आज जयपुर में मुख्यमंत्री निवास पर पहुंचकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया। इस दौरान केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में किसानों ने बजट में किये गये प्रावधानों को लेकर खुशी जताई और राज्य के साथ ही केन्द्र सरकार को धन्यवाद दिया।

000

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा है कि राज्य का बजट विकसित राजस्थान, समृद्ध राजस्थान का आधार बनेगा। सिंचाई से लेकर पेयजल तक इस बजट में कई प्रावधान किये गये हैं। 25 लाख नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। आज जयपुर में भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया से बातचीत करते हुए श्री जोशी ने कहा कि बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए कई कदम उठाये गये हैं जिनसे आने वाले समय में बिजली संकट का समाधान हो सकेगा। आदर्श सोलर ग्राम योजना के माध्यम से प्रदेश के दो लाख घरों में बिजली पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि अर्बन डवलपमेंट के लिए 500 करोड़ रुपये के पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी कोष का प्रावधान भी बजट में किया गया है। इस अवसर पर भाजपा सह–प्रभारी विजया **रहाटकर** भी मौजूद थीं।

000

प्रदेशभर में कल राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जाएगी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित इस साल की ये दूसरी लोक अदालत होगी। इसमें राजीनामे के जरिये विभिन्न मामलों का निपटारा किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत मामलों की सुनवाई के लिए पांच सौ बारह बैंचों का गठन किया गया है। इनमें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से मामलों की सुनवाई होगी। लोक अदालत का आयोजन हाईकोर्ट की जोधपुर और जयपुर पीठ सहित प्रदेश के सभी अधीनस्थ न्यायालयों, राजस्व अदालतों, उपभोक्ता मंचों और प्रशासनिक अधिकरणों में किया जाएगा। हाईकोर्ट की जोधपुर पीठ में दो हजार और जयपुर पीठ में करीब पौने तीन हजार मामलों को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। लोक अदालतों के

प्रति जागरुकता के लिए प्रदेशभर में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। भरतपुर जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि जिले में करीब 10 हजार से अधिक मामलों को चिन्हित किया गया है जिनका राजीनामा से निस्तारण किया जाएगा। बीकानेर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रैना शर्मा ने बताया कि जिले में 17 बैंचों का गठन किया गया है, जिनमें राजीनामें से मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

.....................

000

राजस्थान बटालियन एनसीसी कैडेट्स के जयपुर ग्रुप मुख्यालय की ओर से आज जोबनेर के श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय परिसर में **"एक पेड़ मां के नाम"** पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. बी. एल. दूदवाल ने बताया कि इन पौधों की 3 वर्ष तक देखभाल की जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बलराज सिंह ने कैडेट्स को पौधारोपण का महत्व बताते हुए आमजन को जागरूक करने की शपथ दिलाई। **एक पेड़ मां के नाम** अभियान के तहत बूंदी जिले में 14 लाख 13 हजार से अधिक पौधे रोपे जायेंगे। अभियान को सफल बनाने के लिए आज जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की बैठक आयोजित कर तैयारियों की समीक्षा की गई। पाली जिले में पौध रोपण अभियान के तहत मारवाड़ जक्शन और सुमेरपुर क्षेत्र में छायादार और फलदार पौधे लगाये गये। मारवाड जक्शन उपखण्ड क्षेत्र के ईसाली गांव के गौचर में प्रधान मंगलाराम देवासी और ग्रामीणों ने डेढ हजार से अधिक पौधे लगाये। जयपुर जिले के बस्सी में डेयरी और खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में **"एक छात्र–एक पेड़"** कार्यक्रम के तहत आज 51 पौधे लगाए गये।

000

सलूम्बर जिला पुलिस डीएसटी टीम और जावर माइन्स थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बड़ी मात्रा में अवैध शराब का परिवहन करते हुए एक कन्टेनर को पकड़ा है। उदयपुर–बांसवाड़ा मेगा हाई–वे पर ओडा ब्रिज के पास चावल के कट्टे की आड़ में कन्टेनर में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा था। थाना अधिकारी पवन सिंह ने बताया कि कन्टेनर से 153 पेटी अवैध शराब जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

000

राज्य के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में मेघगर्जन के साथ बारिश की गतिविधियां जारी रहने से आज जयपुर, भरतपुर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं मध्यम से तेज बारिश हुई। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार कोटा, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में अगले दो–तीन दिन हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। 16 जुलाई से राज्य के पूर्वी हिस्सों में बारिश की गतिविधियों में बढोतरी होने तथा कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। बीकानेर संभाग के कुछ भागों में अगले दो–तीन दिन हल्की–मध्यम बारिश तथा जोधपुर संभाग के अधिकांश हिस्सों में अगले तीन–चार दिन मौसम के शुष्क रहने के आसार है। कोटा में आज शाम बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। टोंक में आज तेज बारिश हुई। हनुमानगढ़ जिले के टिब्बी में घग्घर नदी में अत्यधिक पानी बढ़ने की स्थिति में हालातों से निटपने के लिए उपखण्ड अधिकारी राकेश मीणा की अध्यक्षता में आपदा प्रबन्धन और सुरक्षा उपायों को लेकर बैठक आयोजित की गई।

000

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना 14 जुलाई को एक दिन के दौरे पर उदयपुर आऐंगे। श्री मकवाना का उदयपुर में आयोजित डॉ. भीमराव अम्बेडकर विचार संगोष्ठी में शिरकत करने का कार्यक्रम है।

000

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बूदी जिले में पेच की बाबड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आज मानसिक रोग और नशा मुक्ति परामर्श शिविर आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. सामर ने बताया कि शिविर के तहत मनोरोग विशेषज्ञों और नर्सिंग कर्मियों ने आमजन को मानसिक स्वास्थ्य का महत्व बताया और मनोरोगों की लक्षणों की जानकारी दी गई।

000